गुरुग्राम
वीरवार
20 अप्रैल, 2023
वर्ष 11, अंक 108
पृष्ठ 08
मूल्य ₹1.00

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# ह्यूमन इंडिया
हम बनेंगे आपकी आवाज





## राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में अग्रवाल कॉलेज की छात्राओं ने जीते पुरस्कार

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**पलवल।** सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल में आयोजित राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम उड़ान 1.0 ( 17-18 अप्रैल 2023) में अग्रवाल महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न स्पर्धाओं में बाजी मारी। छात्राओं ने वाद - विवाद प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया । अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की छात्रा सुजाता बी. ए द्वितीय वर्ष ने वाद विवाद प्रतियोगिता में शीर्षक- 'सदन के मत में सोशल मीडिया एक वरदान है'- के पक्ष में राष्ट्रीय भाषा हिंदी में प्रथम स्थान प्राप्त कर 2100रू का नगद पुरस्कार प्राप्त किया वहीं छात्रा हिमिका ने



विपक्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त कर 1800रू का नगद पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता ने विजयी छात्राओं को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता ने छात्राओं की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनके मन-मस्तिष्क में राष्ट्रवाद व राष्ट्रीय निर्माण के प्रति सकारात्मक समझ व दृष्टिकोण विकसित करती हैं। डॉक्टर यशिका यादव, फैमिली कोर्ट, फरीदाबाद में विजयी छात्राओं को नगद पुरस्कार व सर्टिफिकेट प्रदान किए। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक डॉ. के.एल. कौशिक व इंचार्ज डॉ. पूजा सैनी के कुशलमार्गदर्शन में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य- डॉ. मनोज शुक्ल, डॉ. नरेश कामरा, डॉ. रामचन्द्र, डॉ. डिम्पल व मिस्टर सुभाष ने छात्राओं को जीत की बधाई व शुभकामनाएं दी।